भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

**राज्य सभा**

लिखित प्रश्न सं. 2220

गुरूवार, 7 अगस्त, 2025/16 श्रावण, 1947 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

**ग्रामीण विरासत स्थलों का जीर्णोद्धार और संवर्धन**

**2220 श्रीमती गीता उर्फ चन्द्रप्रभा:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार भारत भर में कम प्रसिद्ध मंदिर समूहों और विरासत स्थलों के जीर्णोद्धार और संवर्धन को सहयोग प्रदान करने की योजना बना रही है;

(ख) उत्तर प्रदेश में ऐसे स्थलों को राज्य सांस्कृतिक पर्यटन सर्किटों से जोड़ने के लिए की गई पहलों का ब्यौरा क्या है, जिसमें महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा प्रबंधित होम-स्टे और शिल्प स्टॉल के लिए सहयोग शामिल है; और

(ग) क्या सरकार औरैया के बड़ी देवी और महादेव मंदिरों के आसपास जीर्णोद्धार और पर्यटन को बढ़ावा देगी और इन स्थलों पर महिलाओं द्वारा संचालित होम-स्टे और शिल्प स्टॉल को सहयोग प्रदान करेगी?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क): पर्यटन स्थलों का विकास और संवर्धन संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। पर्यटन मंत्रालय विभिन्न योजनाओं और पहलों के माध्यम से भारत में कम प्रसिद्ध मंदिर समूहों और विरासत स्थलों के संवर्धन सहित विभिन्न पर्यटन उत्पादों के विकास और संवर्धन के माध्यम से राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों के प्रयासों को संपूरित करता है।

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से प्राप्त जानकारी के अनुसार, संरक्षित स्मारकों/स्थलों के संरक्षण और रखरखाव से संबंधित कार्य, जिनमें पेयजल, शौचालय ब्लॉक, पाथवे आदि जैसी सुविधाएँ शामिल हैं, एएसआई के अधिकार क्षेत्र में आते हैं। स्मारकों/स्थलों का संरक्षण और रखरखाव एक सतत प्रक्रिया है और इन्हें स्मारकों की आवश्यकता और संसाधनों की उपलब्धता के अनुसार किया जाता है।

(ख): पर्यटन मंत्रालय ने वर्तमान में चल रही 'स्वदेश दर्शन', 'तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' और 'पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु केंद्रीय एजेंसियों को सहायता' नामक अपनी योजनाओं के माध्यम से उत्तर प्रदेश राज्य सहित देश भर में पर्यटन संबंधी अवसंरचना के विकास हेतु वित्तीय सहायता प्रदान की है। मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

इसके अलावा, भारत सरकार ने जनजातीय समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार लाने के उद्देश्य से होमस्टे के विकास के लिए प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान को मंजूरी दी है।

(ग): उत्तर प्रदेश के औरैया के बड़ी देवी और महादेव मंदिरों के आसपास पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए पर्यटन मंत्रालय के पास कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

*****

**अनुबंध**

श्रीमती गीता उर्फ चन्द्रप्रभा द्वारा ग्रामीण विरासत स्थलों का जीर्णोद्धार और संवर्धन के संबंध में दिनांक 07.08.2025 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न संख्या 2220 के भाग (ख) के उत्तर में **विवरण**

**उत्तर प्रदेश में प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:**

**(करोड़ रु. में)**

| **क्र.सं.** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत लागत** |
|---|---|---|
| 1. | वाराणसी का विकास - चरण-I | 18.73 |
| 2. | मथुरा - वृंदावन का मेगा पर्यटक परिपथ के रूप में विकास (चरण-II) | 10.98 |
| 3. | वाराणसी में रिवर क्रूज पर्यटन का विकास | 9.02 |
| 4. | वृंदावन में पर्यटक सुविधा केंद्र का निर्माण | 9.36 |
| 5. | वाराणसी का विकास - चरण-II | 44.60 |
| 6. | गोवर्धन में मूलभूत सुविधाओं का विकास | 37.59 |

**उत्तर प्रदेश में स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:**

**(करोड़ रु. में)**

| **क्र.सं.** | **परिपथ का नाम/ स्वीकृति वर्ष** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि** |
|---|---|---|---|
| 1. | बौद्ध परिपथ 2016-17 | श्रावस्ती, कुशीनगर और कपिलवस्तु का विकास | 87.89 |
| 2. | रामायण परिपथ 2016-17 | चित्रकूट एवं श्रृंगवेरपुर का विकास | 69.45 |
| 3. | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | अहर - अलीगढ़ - कासगंज - सरोसी (उन्नाव) - प्रतापगढ़ - कौशांबी - मिर्जापुर - गोरखपुर - डुमरियागंज - बस्ती - बाराबंकी - आजमगढ़ - कैराना - बागपत - शाहजहांपुर का विकास | 71.91 |
| 4. | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | बिजनौर - मेरठ - कानपुर - कानपुर देहात - बांदा - गाजीपुर - सलेमपुर - घोसी - बलिया - अम्बेडकर नगर - अलीगढ़ - फतेहपुर - देवरिया - महोबा - सोनभद्र - चंदौली - मिश्रिख - भदोही का विकास | 67.51 |
| 5. | विरासत परिपथ 2016-17 | कालिंजर किला (बांदा) - मगहर धाम (संतकबीर नगर) - चौरीचौरा, शहीद स्थल (फतेहपुर) - महुआर शहीद स्थल (घोसी) - शहीद स्मारक (मेरठ) का विकास | 36.65 |
| 6. | रामायण परिपथ 2017-18 | अयोध्या का विकास | 127.21 |
| 7. | आध्यात्मिक | जेवर - दादरी - सिकंदराबाद - नोएडा - खुर्जा - बांदा | 12.03 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | परिपथ 2018-19 | का विकास | |
| 8. | आध्यात्मिक परिपथ 2018-19 | गोरखनाथ मंदिर (गोरखपुर), देवीपट्टन मंदिर (बलरामपुर) एवं वटवाशिनी मंदिर (डुमरियागंज) का विकास | 18.30 |

**उत्तर प्रदेश में स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:**

**(करोड़ रु. में)**

| क्र.सं. | गंतव्य | अनुभव का नाम | स्वीकृत लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रयागराज | आज़ाद पार्क और देखो प्रयागराज ट्रेल अनुभव | 14.52 |
| 2. | नैमिषारण्य | वैदिक - कल्याण अनुभव | 17.80 |

**उत्तर प्रदेश में चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी) के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:**

**(करोड़ रु. में)**

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | स्वीकृत लागत |
|---|---|---|
| 1. | महोबा में सांस्कृतिक भू-दृश्य का विकास | 24.98 |
| 2. | जादुंग उत्सव मैदान जादुंग का विकास | 4.99 |

**उत्तर प्रदेश में पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:**

**(करोड़ रु. में)**

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | स्वीकृत लागत |
|---|---|---|
| 1. | जिला-आगरा में बटेश्वर का विकास | 74.05 |
| 2. | श्रावस्ती में एकीकृत बौद्ध पर्यटन विकास | 80.24 |

**उत्तर प्रदेश में 'अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता' के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूचीः**

**(करोड़ रु. में)**

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | स्वीकृत लागत |
|---|---|---|
| 1. | वाराणसी/सारनाथ में स्मारकों की प्रकाश व्यवस्था (सारनाथ में धमेख स्तूप, सारनाथ में चौखंडी स्तूप, सारनाथ में लालकन का मकबरा और बनारस में मान महल) | 5.12 |
| 2. | उत्तर प्रदेश के वाराणसी में तीन स्मारकों की प्रकाश व्यवस्था -<br>1. दशाश्वमेध घाट से दरभंगा घाट (300 मीटर का विस्तार)<br>2. तुलसी मानस मंदिर<br>3. सारनाथ संग्रहालय | 2.93 |
| 3. | रायबरेली रेलवे स्टेशन | 4.44 |
| 4. | आगरा कैंट रेलवे स्टेशन | 5.05 |

*****